## सार-समाचार

### तीन दिवसीय मेला सम्पन्न



**मंडफिया,** (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में आयोजित तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले का समापन समारोह बुधवार को देर रात्रि को हुआ। जिसमें सदा इवेंटस बांसवाड़ा की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मध्य 17 दिव्यांगों को मोटराइज्ड स्कूटी एवं 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को टेबलेट प्रदान किए गए। समापन समारोह की अध्यक्षता सांवलिया जी मंदिर मंडल अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर ने की एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी गीतेश श्री मालवीय, मंदिर मंडल सदस्य भेरु लाल जाट, ममतेश शर्मा, शंभू लाल सुथार, भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, संजय मंडोवरा एवं श्री लाल पाटीदार अतिथि के रुप में उपस्थित थे।गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आरंभ हुआ।

### एक ही रात में तीन मकानों में चोरी

**राजसमंद,** (निसं)। कांकरोली थाना क्षेत्र के मोही गांव में बुधवार रात्रि को चोरों ने एक ही रात में तीन घरों के ताले तोडकर नकदी व जेवरात चुरा लिए। घटना का परिजनों को सुबह पता चला तब उनके होश उड गए। इसके बाद पीडितों ने कांकरोली थाने पहुंच कर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया। प्रकरण दर्ज करने के बाद पुलिस मामले मे जुट गई है। गांव में पहले भी कई बार चोरियां हो चुकी है। शंकरलाल खटीक पुत्र रोडीलाल खटीक के मकान का ताला तोडकर अंदर घुसे बदमाशों ने 8 तोला सोना व चांदी के जेवरात सहित 1० हजार 5०० रुपए नकद चुरा लिए। भंवरलाल रेगर के मकान में घुसकर 3 तोला सोने के जेवरात चुरा ले चुरा लिए। इधर, पथवारी मोहल्ला स्थित कन्हैयालाल धोबी के मकान का ताला तोडकर अंदर रखी मोटरसाइकिल चुरा ले गए।

### शिविर में मरीजों का किया उपचार

**भीम,** (निसं)। कस्बे के नंदावट स्थित जय आनंद जन परमार्थ सेवा संस्थान में देव जागरण संस्थान अजय रेखा सोनी एवं पेसिफिक डेंटल कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। समाजसेवीअजय सोनी ने बताया कि चिकित्सा शिविर के दौरान पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के डॉ साक्षी के नेतृत्व में 14 चिकित्सक द्वारा मोबाइल डेंटल वैन में इलाज किया गया। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर संजीव वैशंमपायन के सानिध्य में चर्म रोग शिशु रोग दंत रोग आदि रोगों की निशुल्क दवा एवं परामर्श के साथ हर जरूरतमंद व्यक्ति को निशुल्क चिकित्सा सेवा के साथ दवाइयां वितरित की गई ।शिविर मे करीब चार सौ लोग लाभान्वित हुए।

### 5 दिन बाद भी नहीं हुई शव की शिनाख्त

**मंडफिया,** (निसं)। गत दिनों कस्बे के गोवर्धन बस स्टैंड पर कुर्सी से गिर कर घायल होने के बाद चिकित्सालय में इलाज के दौरान मर गए व्यक्ति के शव की शिनाख्त 5 दिन बाद भी नहीं हो पाई। मंडफिया थाना प्रभारी ओम सिंह ने बताया कि 3 सितंबर को सांवलियाजी मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी ने सूचना दी कि गोवर्धन बस स्टैंड पर कोई व्यक्ति घायल अवस्था में है, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर मंडल के कर्मचारी पन्नालाल एवं नंद सिंह के माध्यम से टेंपो में मंडफिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अपना नाम रतन बताया और थोड़ी देर बाद ही दम तोड़ दिया। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। जिसने काले कलर का लोवर एवं टी शर्ट पहन रखा था एवं दाहिने हाथ पर सफेद कड़ा व चेहरे पर मुछे एवं हल्की दाढ़ी थी।

### सूरजकुंड में होगा गणपति विसर्जन

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ नगर में पिछले 10 दिनों से चल रहे गणपति महोत्सव को लेकर शुक्रवार को विसर्जन का कार्यक्रम किया जाएगा।विस्तृत जानकारी के अनुसार गणपति सेवा मंडल कुंज बिहारी चौक द्वारा प्रातः 11:00 बजे महा आरती का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात माणक चौक में बजरंग व्यायामशाला द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा तत्पश्चात देवगढ़ नगर में स्थापित सभी गणपति प्रतिमाएं एक शोभायात्रा के रूप में सम्मिलित होती हुई सूरज दरवाजा खटीक मोहल्ला गुजरी चौक सोलंकी दरवाजा नारायण जी का मोहल्ला सदर बाजार कोतवाली चबूतरा माणक चौक गणेश घाटी होते हुए सूरज दरवाजा पुरानी सब्जी मंडी के पास सूरजकुंड पहुंचेगा जहां गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

### चांदी की सिल्ली भेंट की

**मंडफिया,** (निसं)। एक भक्त ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के चांदी की सिल्ली भेंट की। जानकारी के अनुसार मंडफिया निवासी चंदा देवी पत्नी स्व. सत्यनारायण डाड़ की ओर से उनके पुत्र शीतल कुमार डाड़ एवं श्याम सुंदर डाड़ ने भगवान सांवलिया जी सेठ के मंदिर कार्यालय में 969 ग्राम चांदी की सिल्ली भेंट की। भक्त का मंदिर मंडल की ओर से उपरना एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर बोर्ड सदस्य अशोक कुमार शर्मा, ममतेश शर्मा,प्रकाश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

### सांवलिया सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया,** (निसं) राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जयपुर के चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा ने सपरिवार भगवान श्री सांवलिया सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। दर्शन के पश्चात स्वागत कक्ष में शर्मा एवं परिवार का मंदिर मंडल की ओर से मंदिर मंडल सदस्य भैरूलाल सोनी एवं कर्मचारी शिवकुमार तिवारी ने प्रसाद एवं उपरना भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# भाजपा ने लंपी वायरस की रोकथाम को लेकर किया प्रदर्शन



भाजपा कार्यकर्ताओं ने लम्पी वायरस की रोकथाम को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान में पिछले 3 महीने से लम्पी वायरस ने गौ माताओं पर कहर बरपा रखा है। इस जान लेवा वायरस से अब तक 1 लाख से ज्यादा गौ–माताओं की दुःखद मृत्यु हो चुकी है। साथ ही 10 लाख से ज्यादा संक्रमित है। सरकार द्वारा अब तक किये गये प्रयासों में न तो गम्भीर है और ना ही संवेदनशीलता रही है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया के नेतृत्व में गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौपा।

जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया ने कहा कि पूरे प्रदेश में सर्वे करवा कर सरकार तुंरत प्रति पशु मुआवजा जारी कर पशुपालक को राहत प्रदान करे साथ ही सरकार पशुपालन विभाग में तुरंत चिकित्सा कर्मियों व अन्य पदों पर आपात भर्ती करे। इस बीमारी को तुरंत राज्य आपदा घोषित करें। गौशालाओं, व्यक्तिगत गौपालकों तथा बेसहारा गौधन को इस तेजी से फैल रही बीमारी से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जाऐ, जिन पशु पालकों ने विभिन्न बीमा कंपनियों से अपने गौधन का बीमा करवाया है, बीमा कंपनिया अब क्षतिपूर्ति करने में असमर्थता व्यक्त कर रही है ऐसे गौपालकों का एक अल्पकालिक संर्वेक्षण करवा कर उसकी क्षतिपूर्ति की व्यवस्था बीमा कंपनी से करवाये या सरकार स्वयं करें गौपालकों को नया पशुधन खरीदने के लिए ब्याज रहित ऋण दिया जाऐं गौशालाओं का अनुदान तुरंत जारी किया जाऐं। संपूर्ण प्रदेश में हजारों की संख्या में गौधन स्थान–स्थान पर मृत पडा है, जिसके कारण से जहां प्रदेश के बहुसंख्यक समाज की भावनाएं आहत हो रही है वही किसी महामारी के फैलने की आंशका भी प्रबल हो रही है। सरकार बिना विलम्ब किये मृत गौधन के शवों को पूर्णतः वैज्ञानिक तरीके से धार्मिक रीति–रिवाज के साथ निस्तारण की व्यवस्था करें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शान्तिलाल पंडया, चम्पालाल लबाना, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, जिला महामंत्री धनपाल जैन, नानुराम परमार, सभापति अमृत कलासुआ, सुदर्शन जैन, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, सुरेश फलोजिया, राजकुमारी प्रजापत, नीलू रोत, ज्योति शर्मा, प्रवीण श्रीमाल, गजेन्द्र जैन, जीवतराम, सरपंच बाबुलाल कटारा, नाथूलाल पटेल, ईश्वरसिह, मनसुख पटेल, अमित टेलर, महेश पाटीदार, चिराग व्यास,अरविन्द पटेल, मगनलाल गमेती, जयप्रकाश पंचाल, धर्मवीर सिंह, देवीलाल खराडी, प्यारचंद लबाना, विनोद पंचाल, लल्लूराम बिजुडा, रामजी पटेल, भंवरलाल कटाराए दिलीप जोशीए रामेश्वरए सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री धनपाल जैन एवं नानुराम परमार ने संयुक्त रूप से किया।

## सार-समाचार

### सरपंच के पति की संदिग्धावस्था में मौत

**राजसमंद,** ( निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बोरज सरपंच डिम्पल कुंवर के पति एवं मार्बल व्यवसायी मदनसिंह ऊठड (24) पुत्र देवीसिंह ऊठड निवासी बोरज हाल 100 फीट रोड का शव पीपरडा के पास खारी फीडर के किनारे झाडियों में फंसा मिला। शव मिलने की सूचना के साथ ही परिवार सहित मार्बल व्यवसियों में कौतुहल मच गया। सूचना पर मिलने पर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा एवं राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने शव को बरामद कर आरके जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां पर परिजनों की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उनका पूरा परिवार शहर के 100 फीट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल के पास रहता है। पुलिस के अनुसार मृतक मदन सिंह बुधवार शाम उनके केलवा स्थित पेट्रोल पम्प से रवाना होने के बाद देर रात तक भी घर नहीं लौटने पर परिजनों ने कई बार कॉल भी किया। परन्तु मदनसिंह ने मोबाइल नहीं उठाया। इस पर परिजनों द्वारा किसी दोस्त के साथ चले जाने के विचार से मदनसिंह द्वारा कॉल नहीं उठाया जाना सोचा। गुरुवार प्रातः पीपरडा के पास खारी फीडर के किनारे मदनसिंह की गाडी खडी होने की जानकारी मिली। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे। लेकिन गाडी लॉक थी और अंदर करीब 5–10०लाख रुपये नकद एवं मोबाईल पडा हुआ था। इस पर परिजनों से गाडी के कांच तोडकर नकदी व मोबाईल निकाल मदनसिंह को आस–पास तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों से पुलिस को सूचना दी।

### कार मिस्त्री पर फायरिंग

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने कार ठीक कर रहे मिस्त्री पर बाइक सवार बदमाश ने फायरिंग की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित से.9 पथिक नगर निवासी चिराग पुत्र राजकुमार गर्ग ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा पानेरियों की मादड़ी गैराज है। जहां पर कार रिपेयरिंग का काम होता है। 7 सितंबर रात में परिचित मेरे परिचित नरेन्द्र के रिश्तेदार की गाडी सवीना सब्जि मण्डी गेट के पास खराब होन जानेके कारण मैं गाडी को ठीक करने के लिए मौके पर गाया। मै उनकी कार ठीक कर रहा था कि अचानक तीन जने बाइक पर आए जिनमें रिंकु नामक लडके ने पिस्टल के पिछे वाले हिस्से से मेरे सिर मे मारी व साहिल ने मुझे जान से मारने की नियत से लठ्ठ से हमला कर दिया।

# हमलावर व शराबियों पर कार्यवाही की मांग

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के जलबुर्ज स्थित धार्मिक स्थान पर आयोजित स्नेह भोज के बाद वहां पहुंचे असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीने की बात पर मारपीट करने एवं शराब पीने वालों के खिलाफ धर्मोत्सव समिति ने प्रशासन से सख्त कार्यवाही करने तथा घटना निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

धर्मोत्सव समिति मेवाड़ अध्यक्ष दिनेश मकवाना ने बताया कि करीब 35 वर्ष से समिति जगन्नाथ रथयात्रा, एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम के माध्यम से शहर के समाजजनो, युवा, बुजोर्गो से जुड़ी हुई है एवं उनके सहयोग से सफल धार्मिक आयोजन करती आ रही है। उक्त कार्यक्रम के पश्चात एक स्नेह भोज आयोजन की परंपरा भी हैं। इसी को लेकर 4 सितंबर को जलबुर्ज पर सभी समाजजनों के लिए स्नेह भोज रखा गया था। रात में भोजन समाप्त होने के धर्मोत्सव समिति के कार्यकर्ता आपसी चर्चा कर सामान जमा रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंचे जितेश राजदहिया उर्फ साहेब के साथ 10 से 15 व्यक्ति बिना पूछे छत पर पहुंच गए। वहां हो हल्ला होने पर मैं व धर्मोत्सव समिति कार्यकर्ता भी छत पर पहुंचे जहां शराब पीने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों से गिलास व बोतल छीन कर फैंक दी। इस दौरान रथ यात्रा एवं जन्माष्टमी कार्यक्रम में तवज्जों नहीं देने से नाराज होकर चिल्लाते हुए मुस्लिम युवकों के साथ वहां मौजूद जितेश राजदहिया व साथियों ने लाला उर्फ हरिश वैष्णव के साथ मारपीट कर दी। इसका विरोध कर जितेश से बातचीत करने पर पीछे से अज्ञात व्यक्ति से सिर पर हमला कर फरार हो गए और बाद में अपने कृत्यों को छुपाने की नियत से घंटाघर थाना पहुंच जातिगत गाली गलौच की झूठी रिपोर्ट दी, जो सरासर गलत है। मकवाना ने कहा कि धर्मोत्सव समिति वर्षो से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में विश्वास करती है असामाजिक व अधार्मिक कार्यो से कोई लेना देना नहीं है। हमलावरों ने वर्चस्व बनाने के लिए चुनिंदा मुस्लिम युवकों के साथ मिल योजनापूर्वक धर्मोत्सव समिति की लोकप्रियता भंग करने उक्त वारदात की।

# नकदी व जेवरात लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**भीम,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोगी के समीप आवलसारा घाटे में रात्रि के समय कार सवार से नकदी जेवरात लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशानुसार एएसपी शिव लाल बेरवा एवं डीएसपी राजेंद्र सिंह के सुपर विजन में गुरुवार को पुलिस वृत्त निरीक्षक गजेंद्र सिंह एवं एस आई नरेंद्र सिंह द्वारा घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी महिपाल सिंह पिता विजय सिंह निवासी खेरिया तारागढ़ जिला अजमेर एवं शंभू सिंह पिता छोग सिंह निवासी भाखड़ा थाना जवाजा को गिरफ्तार किया है आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है यह था मामला नंदावत निवासी अशोक सिंह पुत्र केसर सिंह के साथ 31 अगस्त को रात्रि 1 बजे के समय कार से भीम जाने के दौरान आवलसारा घाटी की चढ़ाई पर एक लड़का खड़ा था भीम जाने के लिए सहायता मांगी जिस पर गाड़ी रोककर उसे बैठा दिया गाड़ी में बैठते आरोपी में मारपीट करना शुरू कर दिया तथा मौके पर कुछ लड़के और आ गए गाड़ी के कांच फोड़ दिए मारपीट कर गाड़ी में रखे ढाई लाख रुपए नगद मोबाइल फोन एवं एवं सोने की चेन छीन ली।


## कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड़, उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष.0294.2421255,2420013,Helpline no. 0294.2426262 वेबसाइट-www.udaipurmc.org

क्रंमाक:-क. ब./2022-23/49 दिनांक:-08.09.2022

### आपत्ति आंमत्रण

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत निम्नांकित आवेदनकर्ताओं द्वारा डि-नोटिफाइड कच्ची बस्ती के अन्तर्गत पट्टा प्राप्त करे हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस हेतु सर्वसाधारण से आपत्ति आमंत्रित की जाती है कि उक्त आवेदन के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि पश्चात् 7 कार्य दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्र. सं. | फाईल संख्या | आवेदक का नाम | पता | पड़ोस | क्षैत्रफल (वर्गफीट) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 85 | इरशाद खान पिता-दिलशाद खान | सर्वे न.-07 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-गेमर सिंह का मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-इरशाद खान का मकान दक्षिण-इरशाद खान का मकान | 555.62 वर्गफिट |
| 2 | 86 | डालचन्द साहू पिता-रतनलाल | सर्वे न.-155 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-चौक, रास्ता पश्चिम-रोड़ उत्तर-रमेश, भुपेन्द्र व्यास का मकान दक्षिण-चोक | 1092.25 वर्गफिट |
| 3 | 1663 | अंकित रावत पिता-सज्जन सिंह | सर्वे न.-71 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-डालचन्द साहू का प्लोट उत्तर-रमेश का मकान दक्षिण-रास्ता | 591 वर्गफिट |
| 4 | 1667 | ललीत गमेती पिता-रमेश चन्द | सर्वे न.-1 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-ललीत गमेती का मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-ललित गमेती का मकान दक्षिण-सीता का मकान | 1489.39 वर्गफिट |
| 5 | 1668 | ललीत गमेती पिता-रमेश चन्द | सर्वे न.-157 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-नाला उत्तर-मकान न. 156 दक्षिण-मकान न. 158 | 117.83 वर्गफिट |
| 6 | 1669 | ललीत गमेती पिता-रमेश चन्द | सर्वे न.-159 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-ललीत गमेती का मकान उत्तर-राजेन्द्र सिंह का मकान दक्षिण-भैरूलाल का मकान | 978.78 वर्गफिट |
| 7 | 1672 | दुर्गाशंकर खटिक पिता-गेहरीलाल | सर्वे न.-162 A इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-चन्दा का मकान उत्तर-भेरूलाल का प्लोट दक्षिण-कैलश का मकान | 1252.5 वर्गफिट |
| 8 | 1674 | नारायण गिरी पिता - रामचन्द्र | सर्वे न.-278 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-डालचन्द साहू का प्लोट उत्तर-प्लोट न.8 दक्षिण-सुखलाल एवं चुन्नी लाल का मकान एवं प्लोट न.7 | 1828.2 वर्गफिट |
| 9 | 1680 | बंशी लाल सुहालका पिता-पन्नालाल | सर्वे न.-178,179 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-डालचन्द साहू का प्लोट उत्तर-रमेश का मकान दक्षिण-रास्ता | 1655.80 वर्गफिट |
| 10 | 1685 | विशाल गुर्जर पिता-बंशीलाल | सर्वे न.-132 D इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-गली एवं अन्य मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-वजीर खान का मकान दक्षिण-पुनम चन्द का मकान | 856.25 वर्गफिट |
| 11 | 1686 | ऐजन बाई गुर्जर पति -बंशीलाल | सर्वे न.-132 B इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-गली एवं अन्य मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-वजीर खान का मकान दक्षिण-पुनम चन्द का मकान | 1407.61 वर्गफिट |
| 12 | 1687 | महेश गुर्जर पिता-स्व.भेरूलाल जी | सर्वे न.-132 A इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-गली एवं अन्य मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-वजीर खान का मकान दक्षिण-पुनम चन्द का मकान | 2694.50 वर्गफिट |
| 13 | 1688 | लक्ष्मीलाल गुर्जर पिता-भेरूलाल | सर्वे न.-132 C इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-गली एवं अन्य मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-वजीर खान का मकान दक्षिण-पुनम चन्द का मकान | 1479.78 वर्गफिट |
| 14 | 1692 | कैलाश खटिक पिता-गेहरीलाल | सर्वे न.-162 B इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-रत्नी बाई का मकान उत्तर-दुर्गा शंकर की दुकान दक्षिण-माता जी का मन्दिर | 1160 वर्गफिट |
| 15 | 1693 | मनिषा राजावत पति -लक्ष्मण सिंह | सर्वे न.-172 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-मकान न.51 उत्तर- मकान न.171 दक्षिण-मकान न.173 | 335 वर्गफिट |
| 16 | 1694 | राजु खटिक पिता -गहरीलाल | सर्वे न.-155 इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास उदयपुर | पूर्व-रास्ता पश्चिम-नाला उत्तर-नाला दक्षिण-मकान न.156 | 110.67 वर्गफिट |

आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर


# शहीदों के परिवारों को अपना घर व देश का हिस्सा मानें : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर,** (कासं)। एनसीसी थल सेना का आठ दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज गुरूवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कृषि भवन के सभागार में डीडीजी एयर कमोडोर एल.के जैन, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ग्रुप कमाण्डर भास्कर चक्रवर्ती कमांडिंग आफिसर 10 राज बटालियन इन्द्रजित घोषाल, प्रो. एकलिंग सिंह झाला, प्रो. गजेन्द्र कुमार माथुर, प्रो. आईजे माथुर ने मॉ सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।



उदयपुर में एनसीसी थल सेना शिविर में प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने शहीदों के परिवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रारंभ में देश सेवा में अपने जीवन की आहूति देने वाले शहीदों को अतिथियों द्वारा पुष्प चक्र भेंट कर उनके प्रति नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई एवं शहीदों के परिवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कमांडिंग आफिसर इन्द्रजीत घोषाल ने बताया कि आठ दिवसीय शिविर में केडेटस को मेप रिडिंग, हेल्थ एण्ड हाईजिंन, फिल्ड क्राफ्ट एण्ड बेटल क्राफ्ट, फायरिंग , आप्टीकल टेऊनिंग, , टेंट पिचिंग अभ्यास के साथ साथ योगा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे सेना के जांबाज सेनिकों की वजह से ही हम अपने घरों में सुरक्षित है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि शहीदों के परिवारों को अपने घर एवं देश का हिस्सा माने। कहा कि देश में 65 प्रतिशत युवाओं का वर्ग है जिनके हाथों में देश को बदलने की ताकत ह, आवश्यकता है उन्हे सही दिशा देने की। एनसीसी युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावनाओं से लबरेज करने का कार्य एनसीसी के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किया जाता है। केडेट्स एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर देश एवं समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते है।

एयर कमोडोर एल.के जैन ने कहा कि पूरा देश आजादी का 75 वॉ अमृत महोत्सव मना रहा है , हमारा देश अभी युवा अवस्था में है , इसे ओर अधिक उंचाईयों पर पहुंचाने की है जिसका जिम्मा युवाओं का है। उन्होने युवाओं का आव्हान किया कि वे कट पेस्ट से बचे और वे डाउनलॉड करने वाला नहीं अपलॉड करने वाला बने। एनसीसी मिल कर काम करने की प्रेरणा देता है । समारोह में एनसीसी केडेट्स द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत जमकर रंगारंग प्रस्तुतियॉ दे उपस्थित अतिथियों को भावूक कर दिया। इस अवसर पर सुबेदार अजय कुमार, शिशराम, करण सिंह, डॉ. हिम्मत सिंह, डॉ. रोहित कुमावत, सौरभ सिंह सहित सेना के अधिकारी एवं 700 केडेट्स ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।

